# BULANDSHAHRPOLICE

दिनांक- 04 अक्टूबर, 2025 थाना नरौरा

## अपनी 3.5 वर्षीय बच्ची की हत्या करने वाली मां व उसका प्रेमी गिरफ्तार।

अवगत कराना हैं दिनांक 01.10.2025 को वादिया सीमा उर्फ लाली पत्नी राकेश कुमार निवासी गढीवाली कस्बा व थाना अहमदगढ जनपद बुलन्दशहर ने थाना नरौरा पर तहरीर दी कि ललतेश व अन्य लोगो द्वारा मिलकर दिनांक 30.09.2025 को उसकी पुत्री दिव्यांशी उम्र करीब 3.5 वर्ष को हत्या करने के इरादे से अपहरण कर ले गये है। इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना नरौरा पर मुअसं-240/25 धारा 140(2)/61(2) बीएनएस किया गया।

उक्त घटना के क्रम में थाना नरौरा पुलिस द्वारा जांच/विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान मुकदमा उपरोक्त में अभियुक्त यतेन्द्र उर्फ पिच्चू को छोडकर अन्य नामजद अभियुक्तों की नामजदगी गलत पायी गयी। बच्ची की मां सीमा उर्फ लाली व उसका प्रेमी यतेन्द्र उर्फ पिच्चू द्वारा बच्ची की हत्या करना प्रकाश में आया । थाना नरौरा पुलिस द्वारा आज दिनांक 04-10-2025 को घटना के प्रकाश में दोनो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना नरौरा पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

### गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1. सीमा उर्फ लाली पत्नी स्वं0 राकेश निवासी मौ0 गढीवाला कस्बा व थाना अहमदगढ बुलन्दशहर ।
2. यतेन्द्र उर्फ पिच्चु पुत्र प्रेमपाल सिंह निवासी ग्राम अजीजाबाद थाना पहासू जनपद बुलन्दशहर।

**घटना का कारण-** गिरफ्तार अभियुक्ता सीमा ने पूछताछ पर बताया कि उसके पति की पूर्व में मृत्यु हो चुकी हैं तथा अब वर्तमान में वह यतेन्द्र उर्फ पिच्चु के साथ रहती हैं। उसके 03 लडके व 01 लडकी(मृतका) थी। उसके तीनो लडके उम्र में बडे हैं लेकिन लडकी अभी छोटी थी । वह जब भी काम पर जाती थी तो लडकी से परेशान रहती थी।

उसका व उसके प्रमी गिरफ्तार अभियुक्त यतेन्द्र उर्फ पिच्चु का कस्बा अहमदगढ निवासी 01 महिला ललतेश व अन्य लोगो से विवाद चल रहा था। वे उन्हें झूठे मुकदमें में फसाना चहाते थे। इसलिए दोनो ने मिलकर सीमी उर्फ लाली की लडकी दिव्यांशी की हत्या करने की योजना बनायी तथा योजनानुसार बच्ची का मुंह दबाकर उसकी हत्या कर गंगनहर नरौरा में फैक दिया। उसके बाद थाना नरौरा पर ललतेश व अन्य लोगो के विरुद्ध फर्जी मुकदमा पंजीकृत करा दिया।

## गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. श्री गंगाप्रसाद राजपूत प्रभारी निरीक्षक थाना नरौरा
2. उ0नि0 दुर्वेश कुमार, म0उ0नि0 रेनू सिंह,
3. म0का0 प्रियंका सिंह, जितेन्द्र कुमार, सुरेन्द्र डागर, मन्तेश कुमार
4. सर्विलांस टीम बुलन्दशहर ।





मीडिया सैल बुलन्दशहर ।